''राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार''

# समाचार गेट

TITLE CODE : HARHIN11569

वर्ष 02, अंक 58 पृष्ठ 08 मूल्य 01 रूपए वीरवार, 27 फरवरी 2025 samachargate@gmail.com

## जरूरी सूचना

सुधी पाठकों को सूचित किया जाता है कि समाचार गेट के नाम पर अगर कोई पत्रकार आपसे पैसे की मांग करता है तो कृपया 9212339503 पर संपर्क करें। समाचार गेट में कार्य कर रहे पत्रकार सिर्फ वही हैं जिनके नाम से खबर छपती हैं।

# जनता ने हर वार्ड में कमल खिलाने का बनाया मन : जोशी

### मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी का धुआंधार प्रचार, बड़खल विधानसभा में मिला भरपूर जन समर्थन

### ट्रिपल सरकार को तेज गति से चलाकर विकास कार्या को आगे बढ़ाएंगे : प्रवीण बत्रा जोशी





समाचार गेट/संजय शर्मा

फरीदाबाद। भारतीय जनता पार्टी की मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी बुधवार को बड़खल विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क कार्यक्रम किए और भाजपा के पार्षद प्रत्याशियों की जीत के लिए नगर निगम के मतदाओं से अपील की। कार्यक्रमों में लोगों ने हाथ उठाकर अपना समर्थन भाजपा प्रत्याशियों को दिया। इस मौके पर मेयर प्रत्याशी प्रवीण बत्रा जोशी ने वार्ड 23 के लेकव्यू सिटी में पार्षद प्रत्याशी गजेन्द्र भड़ाना, अनंगपुर गाँव में वार्ड-21 से पार्षद प्रत्याशी वीरेंद्र भड़ाना (बिंदे) के लिए रोड शो किया। मेयर प्रत्याशी ने बड़खल में वार्ड-18 से पार्षद प्रत्याशी कर्मबीर बैसला, एनआईटी गुरुद्वारे में वार्ड-15 से पार्षद प्रत्याशी जसवंत सिंह और वार्ड-12 से पार्षद प्रत्याशी सुमन बाला, वार्ड-13 से हरिकृष्ण गिरोती, वार्ड-16 से मनोज नासवा, वार्ड-17 से शोभा, वार्ड-19 से जगत सिंह, वार्ड-20 से संदीप चपराना, वार्ड-22 से हरेंद्र कुमार भड़ाना के लिए जनसंपर्क कार्यक्रमों में भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट अपील की। उन्होंने लोगों से वोट अपील करते हुए कहा कि मेयर के साथ पार्षद प्रत्याशियों को भी बड़े बहुमत से विजयी बनाना है। लोगों के जोश को देखते हुए कहा कि आप सब जीत दर्ज करने के लिए पहले से ही उत्साहित हैं और आपके हर एक वोट कमल पर डलने से फरीदाबाद में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी, यह साफ नज़र आ रहा है।

श्रीमती जोशी ने कहा कि फरीदाबाद बहुत बड़ा औद्योगिक शहर है। यहां के विकास में ये उद्योग अहम स्थान रखते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सभी वर्गों को साथ लेकर चलते हुए उनके विकास और उत्थान के लिए काम कर रही है। श्रीमती प्रवीण बत्रा जोशी ने कहा कि वे इस बात का विश्वास दिलाती हैं कि नगर निगम में भाजपा की छोटी सरकार यानी ट्रिपल इंजन की सरकार बनने पर विकास के सभी काम किए जाएंगे। हर व्यक्ति के हितों की रक्षा करते हुए उनकी जो भी समस्याओं होगी, उनका समाधान किया जाएगा।

# महिलाओं को इसी बजट सत्र के बाद मिलेंगे हर महीने 2100 रुपये

## हरियाणा सरकार इसके लिए अलग बजट का प्रबंध करेगी

समाचार गेट/नरवीर यादव

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने लाडो लक्ष्मी योजना का धरातल पर उतारने की पूरी तैयारी कर ली है। प्रदेश की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये दिए जाएंगे। इसके लिए प्रक्रिया तेज कर दी गई है और मार्च में होने वाले बजट सत्र के तुरंत बाद इसे लागू कर दिया जाएगा। खास बात ये है कि हरियाणा सरकार इस योजना के लिए अलग से विशेष बजट का प्रबंध करेगी। जिस तरह पेंशन, कृषि, स्वास्थ्य आदि के लिए अलग से बजट होता है,उसी तरह महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने के लिए भी अलग से बजट की व्यवस्था होगी। सरकार की ओर से इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। मार्च में होने वाले बजट सत्र में महिलाओं के लिए अलग से बजट लाया जाएगा।

बता दें कि यह नई घोषणा नहीं है, भाजपा ने विधानसभा चुनावव में अपने संकल्प पत्र में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने का वादा किया था। इसी योजना को अब क्रियान्वित



करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। योजना के तहत आवेदन को अक्टूबर 2024 से ही शुरू हो गए थे। इस योजना के क्रियान्वयन की जानकारी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी दी है।

**महिलाओं को मजबूत करने पर जोर**

हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार ने महिलाओं के विकास और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। इनमें लाडो लक्ष्मी योजना भी एक है। इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदनकर्ता की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए। आवेदन करने के लिए लाडो लक्ष्मी योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसका लाभ कम उम्र की महिलाओं को भी मिल सकता है।

**ये कागजात जरूरी**

हरियाणा का पहचान पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता जिसके साथ पहचान पत्र लिंक होना चाहिए, आयु प्रमाण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, शैक्षणिक योग्यता सम्बंधित दस्तावेज, मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी आवेदन करने के लिए जरूरी हैं।

**चलाई जा रही बहुत सी योजनाएं**

सरकार द्वारा महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के लिए कई योजनाएं चलाई गई हैं। इनमें लखपति दीदी, बीमा सखी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंधना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, महिला समृद्धि योजना, कामकाजी महिला छात्रावास, हरियाणा कन्या कोष, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना जैसी अनेक योजनाएं हैं, जो महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत कर रही हैं।

# जनता ने जो विश्वास मुझ पर किया है उसे कम नहीं होने दूंगा : दीपक यादव



समाचार गेट/ सुमित गोयल

बल्लभगढ़। नगर निगम चुनाव को लेकर अब बस तीन दिन ही शेष रह गए हैं वहीं एक स्वागत समारोह में दीपक यादव का बहुत जोरदार स्वागत हुआ। जहां लोगों द्वारा उनके पहले पार्षद कार्यकाल में किए गए कार्यों को सराहनीय कार्य बताया। जिस कारण जनता इस युवा नेता को पसंद कर रही है।

निर्दलीय प्रत्याशी दीपक यादव वार्ड 42 की जनता की पहली पसंद बन गये है। सभी वर्ग के लोगों ने कहा कि दीपक यादव इस वार्ड का बेटा है, जो हमारे बीच में से ही है। लोगों ने कहा कि हमें ऐसा ही पार्षद चाहिए जो हमारे बीच में से हो। हमारा समर्थन पूर्ण रूप से दीपक यादव के साथ है।

इस मौके पर दीपक यादव ने कहा कि वार्ड की जनता ने जो मुझे प्यार दिया है उसको मैं जिंदगी भर नहीं भूलूंगा। वार्ड 42 की जनता ने मुझ पर जो विश्वास दिखाया है उसे कम नहीं होने दूंगा और कहा कि शहर में जहां 300 करोड रुपए खर्च करके जो पुल बनाया जा रहा है वह गलत खर्च किया जा रहा है। इस समय शहर को पुल की जरूरत नहीं विकास कार्यों की जरूरत है। अगर यही पैसा शहर के विकास कार्य के लिए लगाया जाता तो सड़क, नाली व पानी की व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सकता था, जिसकी जनता को सख्त जरूरत है।

# चुनाव में एकजुट होकर काम करें, भाजपा की प्रचंड जीत होगी : डा. सतीश पूनिया




समाचार गेट/ब्यूरो

चंडीगढ़/रोहतक। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय ''मंगल कमल'' में नगर निगम चुनाव को लेकर भाजपा रोहतक जिला की कोर कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने सभी का भाजपा परिवार में स्वागत किया और उम्मीद जताई कि सभी भाजपा के साथ निष्ठा से काम करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे। इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश सचिव रेणु डाबला, जिला प्रभारी सतेंद्र परमार, भाजपा जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी शमशेर सिंह खरक, जिला महामंत्री सुखबीर चंदेलिया और आशा शर्मा, वरिष्ठ नेता प्रदीप जैन, नागेन्द्र शर्मा, सेवानिवृत वरिष्ठ अधिकारी अमरजीत सोलंकी, डा. आदित्य बत्रा, ओम प्रकाश बागड़ी, डा. बलवान, डा. अशोक रंगा और कोर कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

डा. सतीश पूनिया ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करें निश्चित तौर पर भाजपा की प्रचंड जीत होगी। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ता छोटी-छोटी बैठकें करें और लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का भरोसा दें। डा. पूनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी जनकल्याणकारी निर्णय लेकर हर वर्ग को लाभ पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनता का भरोसा भी भाजपा सरकार में लगातार बढ़ रहा है। डा. पूनिया ने कहा कि अधिक से अधिक लोगों को भाजपा की नीतियां बताकर कमल के फूल के निशान पर वोट देने के लिए आग्रह करें। डा. पूनिया ने सभी पदाधिकारियों को बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को एकजुट करके चुनाव प्रचार तेज करने की बात भी बैठक में कही।

बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया ने कोर कमेटी के सदस्यों से वन टू वन चर्चा करते हुए कहा कि चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़नी है और दिन रात कड़ी मेहनत करते हुए हर वार्ड में कमल खिलाना है। डा. पूनिया ने यह भी कहा कि नगर निकाय चुनाव में कांग्रेस कहीं भी नहीं है। कांग्रेस सिर्फ औपचारिक रूप से चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि पूरे उत्साह और जोश के साथ चुनाव लड़ें तथा हर भाजपा प्रत्याशी की मदद करें।

भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कहा कि आपस में समन्वय रखना बहुत जरूरी है। एकजुटता से हर बूथ को मजबूत करते हुए हर घर में हमें पहुंचना है। कांग्रेस पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए नीतू शर्मा उपाध्यक्ष रोहतक कांग्रेस, ज्योति तागड़ा ब्लॉक अध्यक्ष,भावना,बेबी रानी, नीलम, जोगेंद्र, सुरेश, विपिन, विजय शर्मा, लोकेश कुमार आदि सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं से भी डा. पूनिया ने आग्रह करते हुए वे घर-घर जाएं और लोगों को भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को बकाया टैक्स पर 31 मार्च तक मिलेगी छूट

### जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को बकाया टैक्स पर 31 मार्च तक मिलेगी छूट

समाचार गेट/ब्यूरो

गुरुग्राम। राज्य सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों को बकाया टैक्स पर 31 मार्च तक छूट देने का प्रावधान किया है। देय ब्याज और जुर्माने में राहत पाने के लिए करदाताओं को लंबित टैक्स (देय कर) की संपूर्ण राशि का भुगतान 31मार्च तक करना होगा। संयुक्त आबकारी एवं कराधान आयुक्त गुरुग्राम (रेंज) गीतांजली मोर ने गुरुवार को बताया कि हरियाणा सरकार ने अधिसूचना जारी कर जीएसटी एमनेस्टी योजना के तहत जीएसटी में पंजीकृत व्यापारियों के लिए बकाया कर पर देय ब्याज एवं जुर्माने में राहत देने की घोषणा की है। इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19एवं 2019-20 के लिए जीएसटी अधिनियम,2017 की धारा 73 के तहत बकाया कर की देनदारी वाले कर दाता लाभ ले सकेंगे। ब्याज और जुर्माने में राहत पाने के लिए करदाताओं को देय कर की संपूर्ण राशि का भुगतान दिनांक 31 मार्च तक करना होगा। संयुक्त आयुक्त ने कहा कि पात्र लाभार्थी तय समय में देयकर का भुगतान कर योजना का लाभ लें। यह योजना व्यापारियों के हित को ध्यान में रखकर लाई गई है। इससे व्यापारी सरकार की देनदारी पूरी कर अपने व्यापार को निश्चिंत होकर चला सकेगा।

# ट्रिपल इंजन की सरकार करेगी तीन गुना स्पीड से काम : सुमन बाला






समाचार गेट/सुमित गोयल

फरीदाबाद। नगर निगम वार्ड 12 से पार्षद पद की भाजपा प्रत्याशी सुमन बाला ने आज समाजसेवी गुड्डू भाटी के कार्यालय पर जनसंपर्क अभियान किया। जनसंपर्क अभियान के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुष मौजूद रहे। इस अवसर पर मौजूद जन समूह को संबोधित करते हुए सुमन बाला ने कहा कि इस बजट सत्र से हरियाणा की जरूरतमंद महिलाओं को 2100 रुपए हर महीने मिलेंगे। सुमन बाला ने कहा कि चुनाव के बाद ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से विकास कार्यों को गति मिलेगी और आप सभी के कार्य करने में आसानी होगी। इस मौके पर समाजसेवी गुड्डू भाटी ने क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई और जनता से अपील की कि वे इस चुनाव में अपने मतदान से एक सकारात्मक बदलाव लाने में सहयोग करें। और कहा बीजेपी सरकार के द्वारा किए गए कार्य जनता के सामने है जिसे देखकर ही लोगों ने भाजपा प्रत्याशियों को चुना है वार्ड नंबर 12 से बहन सुमन बाला को जो जिम्मेदारी सोंपी गई है उसे वह बाखूबी निभाएंगी। वह मेयर भी रह चुकी हैं और वह फरीदाबाद की समस्याओं से अवगत भी है उन्होंने उस समय भी फरीदाबाद वासीयों के लिए काफी कार्य किए थे। जिन्हें देखकर वार्ड की जनता ने उन्हें चुना है उन्होंने कहा की वार्ड 12 में सुमन बाला को पार्षद बनाएं और मेयर पद की उम्मीदवार प्रवीण बत्रा जोशी के लिए कमल के फूल का बटन दबाएं। गुडडू भाटी के कार्यालय पर उपस्थित विशाल जनसमूह ने सुमन बाला का खुले दिल से माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी सुमन बाला ने जनता को संबोधित करते हुए कहा। जिस तरह उन्होंने मेयर पद पर रहकर कार्य किए हैं ठीक उसी तरह अब वह पार्षद के रूप में वार्ड नंबर 12 की जनता के लिए कार्य करेगी। उन्होंने जनता से अपील की कि वह आने वाली 2 तारीख को कमल के फूल का बटन दबाकर उन्हें नहीं भाजपा को विजय बनाएं ताकि जब ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी तो वह और ज्यादा मजबूती कार्य करेगी इस अवसर पर कुलदीप भाटी, गुडडू भाटी, चंचल खटाना, वेद नागर, पीनू, सतीश, वेदप्रकाश, चौरसिया इत्यादि मौजूद रहे।

**जिस तरह पेंशन, कृषि, स्वास्थ्य आदि के लिए अलग से बजट होता है, उसी तरह महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने के लिए भी अलग से बजट की व्यवस्था होगी। सरकार की ओर से इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं।**

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार

समाचार गेट

में खबरों व विज्ञापन के लिए संपर्क करें :

नरवीर यादव 9212339503

जितेंद्र मोर 9999263485

कृष्णा शर्मा 9818180269

सुमित गोयल 9212213121

samachargate@gmail.com

# शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़:सुबह 3 बजे से लाखों श्रद्धालु कर रहे जलाभिषेक







**गोंडा।** में महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिले के प्राचीन शिवालयों में सुबह 3 बजे से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। पृथ्वीनाथ, दुःखहरण नाथ, करोहानाथ और बाबा बालेश्वर नाथ शिव मंदिर में अब तक करीब 3 लाख भक्तों ने जलाभिषेक किया है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। जिले के 17 थानों के हजारों पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। सभी मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जा रही है। सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।पांडव कालीन पृथ्वीनाथ मंदिर और द्वापर कालीन दुःखहरण नाथ समेत सभी ऐतिहासिक शिवालयों में भक्त भगवान शिव का आशीर्वाद ले रहे हैं। गोंडा में महाशिवरात्रि का मेला देश के सबसे बड़े ऐतिहासिक मेलों में से एक है। प्रशासन ने अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गोंडा पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कहीं भी किसी भी प्रकार की दिक्कत श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के दौरान नहीं होने दी जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया पर भी नजर रखा जा रहा है अगर कोई सोशल मीडिया पर फैलाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यास स्वयंसेवकों ने शिव बारातियों को ग्रहण कराया प्रसाद



**कुशीनगर।** मीरा सुरेश सेवा न्यास के स्वयंसेवकों ने महाशिव रात्रि के पावन अवसर पर नगर स्थित श्रीनाथ मंदिर से निकली शिव बारात में शामिल हजारों श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया। इस मौके पर बुधवार को संस्था के प्रबंधक शिक्षक राजू कुमार मद्धेशिया, अध्यक्ष मुन्ना मद्धेशिया, संस्कार संगम के संस्थापक सदस्य डॉ अमरीश विश्वकर्मा, अध्यक्ष अशोक कुमार जैन, संरक्षक डा. रविशंकर प्रताप राव, उपाध्यक्ष पवन जायसवाल मंत्री पवन गुप्ता, बौद्धिक विभाग प्रमुख सुरेश गुप्ता के द्वारा भगवान शिव का दूल्हा के रूप में द्वार पूजा किया गया एवं बारातियों का स्वागत किया गया। बारातियों को मिठाई खिलाया गया और भंडारे में भोजन भी कराया गया। भंडारे में श्रीनाथजी सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ सी पी गुप्ता गुप्ता के निर्देशन में सुखडी मद्धेशिया, सुदामा मद्धेशिया, कृष्ण मद्धेशिया, रजनीश जायसवाल, धीरज ,पवन प्रजापति, आकाश प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति, लव मद्धेशिवा, रमेश मद्धेशिया, गोपाल मद्धेशिया, पवन गुप्ता ने सराहनीय सहयोग किया।

## गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर में ली वैज्ञानिक खेती की जानकारी



**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर से प्रदेश के नौ जिलों से भेजे गए 50 गन्ना किसानों के अध्ययन दल ने उत्तर प्रदेश गन्ना किसान शोध संस्थान शाहजहांपुर में गन्ना प्रजातियां, सह फसल, पेड़ी गन्ना प्रबंधन, कीट- रोग, ट्रेन्च विधि से गन्ना बुआई के गुर सीखे। उक्त जानकारीउ त्तर प्रदेश गन्ना किसान संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक निदेशक ओमप्रकाश गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि गन्ने की वैज्ञानिक खेती खेती के प्रति किसानों को जागरूक करने, गन्ना शोध संस्थान द्वारा किये जा रहे शोध तकनीकी को प्रयोगशाला से किसानों के खेतों पर पहुंचाकर गन्ने की उत्पादकता एवं चीनी परता में वृद्धि करने, कृषको की आये बढ़ाने, गन्ने के साथ सह फसली खेती को बढ़ावा देने, पेड़ी गन्ने का प्रबंधन तथा गन्ना फसल में लगन वाले कीट- रोग को दिखाकर शोध प्रक्षेत्र पर जानकारी देने के उद्देश्य से अध्ययन दल भेजा गया है। शाहजापुर शोध संस्थान के वैज्ञानिक अधिकारी प्रसार डॉ संजीव पाठक ने शोध प्रक्षेत्र का भ्रमण कराते हुए किसानों को गन्ने की अधिक उपज देने वाली प्रमुख प्रजातियां को आः 12225, 13231, 17231, 19231, को. लख. 14201, को. 0118 दिखाया। सह फसलो के साथ आलू की सहफसल दिखाया। पेड़ी प्रबंधन पर विस्तार से बताया। गन्ने में लगने वाले कीट रोग का लक्षण समझाया। दो आंख का टुकड़ा काटकर उपचारित करें, तथा ड्राईको ड्रमा से भूमि उपचार करने की सलाह दी। गन्ना संस्थान शाहजपुर के सहायक निदेशक डा. पीके कपिल ने बतलाया कि पूर्वांचल में गन्ना विकास की अपार सम्भावनाएं हैं। शोध संस्थान से प्राप्त जानकारी का प्रयोग किसान अपने खेतों में करें। अध्यापन दल का मार्ग निर्देशन लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान लखनऊ के निदेशक विश्वेश कनोजिया कर रहे हैं। संस्थान से भ्रमण एवं अध्ययन के उपरान्त किसान भारतीय पशु अनुपधान संस्थान इज्जत नगर बरेली के वैज्ञानिकों से जानकारी लेंगे। यात्रा में कृषक अमरनाथ यादव, रविन्द्र राव, आत्मा गुप्ता, सुरेन्द्र प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता, धनन्जय कुमार, रामउग्रह गुप्ता, राजश्वरी, अर्जुन आदि शामिल हैं।

## गाजे बाजे के साथ निकली शिव बारात, झूमे श्रद्धालु




**कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर बुधवार को कसया तहसील क्षेत्र के जोकवा बाजार प्राचीन शिव मंदिर से शिव बारात गाजे बाजे के साथ निकली।नबारात को भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय व ब्लॉक प्रमुख श्रीमती उर्मिला देवी,प्रमुख प्रतिनिधि गौरव जायसवाल ने झंडी दिखाकर रवाना किया।बारात जोकवा बाजार, धुनवलिया, मधुरिया, दहारीपट्टी, सरैया महंथ पट्टी, कोटवा करजही, रहसू बाजार, धौरहरा सहित दर्जनों गांव का भरमण करते हुए पुनः शिव मंदिर पर पहुंची। महिलाओं ने मांगलिक गीत गाया।इस दौरान महिला पुरुष श्रद्धालुओं पूरे रास्ते झूमते व नाचते रहे। हर हर महादेव के जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा।बारात में हाथी घोड़ा व मनमोहक झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। बारात में ग्राम प्रधान नागेंद्र गुप्ता, चन्द्रशेखर उर्फ लड्डू यादव, दिनेश यादव, संजय वर्मा, अनिल जायसवाल, राजेश जायसवाल, बलिराम जायसवाल, बृजबिहारी उपाध्याय, सुनील आर्य, सुनील उपाध्याय, नन्दलाल यादव, विजेंद्र प्रताप सिंह, नारायण सिंह, जयप्रकाश जायसवाल, अंगद गुप्ता, विशाल जायसवाल आदि शामिल रहे।

## शिव बारात में पूर्व सांसद राजेश पांडेय विधायक कुशीनगर पीएन पाठक और कलाकार

### मन मोहन झांकियों के साथ निकली शिव बारात में गणमान्य बने बाराती





**कुशीनगर।** को जनपद के नगर और ग्रामीण इलाकों में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव का पूजन विधि विधान से किया और परिवार की खुशहाली की मिन्नत की। इसी क्रम में जगह जगह शिव बारात निकाली गई। कसया नगर में गाजे बाजे, हाथी, घोड़े व शिव, पार्वती, गणेश, नंदी, देवी, देवताओं की आकर्षक मनोहारी झांकियों के साथ भव्यतम शिव बारात निकाली गई। श्रीनाथ शिव मन्दिर से भव्य झांकियों से सजी झांकियों के साथ निकली शिव बारात का विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। बारात में पूर्व सांसद राजेश पांडेय, विधायक कुशीनगर पीएन पाठक, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, केन यूनियन चेयरमैन सतीश मणि त्रिपाठी, नपाप अध्यक्ष किरन जायसवाल, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, महन्थ त्रिभुवन शरण दास, पुजारी देवनारायण शरण दास, ओमप्रकाश जायसवाल, अशोक कुमार मिश्रा

आदि के नेतृत्व में शिव बारात नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए ब्रह्म स्थान पहुंची जहां भगवान शिव का महिलाओं ने गीत गाकर परछावन किया। इसके पश्चात बारात शिव मंदिर पहुंची जहां आयोजकों ने फूल बरसा कर स्वागत किया और पार्वती व शिव का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन कृष्ण कुमार, ओमप्रकाश जायसवाल, डा. अनिल कुमार सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि रुद्र प्रताप सिंह, सभासद राजेश मद्धेशिया, आद्या पाण्डेय, विनोद गिरी, राकेश गिरी, राजू मद्धेशिया, विनय प्रताप राव, लव मद्धेशिया, कुश मद्धेशिया, अमरचंद जायसवाल सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर तामेश्वर नाथ धाम में मेला शुरू विधायक ने किया उद्घाटन



**खलीलाबाद।** के प्रसिद्ध तामेश्वर नाथ धाम में महाशिवरात्रि मेले की शुरूआत हो गई है। सदर विधायक अंकुर राज तिवारी ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। विधायक ने बाबा तामेश्वर नाथ के गर्भगृह में पूजा-अर्चना की। उन्होंने जनपद की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मेले में श्रद्धालुओं की बड़ी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी व्यवस्था का निरीक्षण भी किया। विधायक ने मंदिर के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। मंदिर की रंगाई-पुताई और सुंदरीकरण के लिए ट्रस्ट को 51,000 रुपए की राशि दी। मंदिर तक पहुंचने वाली सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। जल निकासी के लिए नाली का निर्माण होगा। सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाएगी। कार्यक्रम में ब्रह्म शंकर भारती, नागेंद्र भारती, अनीश कुमार ओझा, विजय चौधरी और शशांक भारती सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। महाशिवरात्रि पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा तामेश्वर नाथ का जलाभिषेक करने आते हैं।

## एशिया का सबसे ऊंचा शिवलिंग 6 हजार साल पुराना 54 फीट ऊंचे शिवलिंग में 7 अरघे 6 जमीन के नीचे





**गोंडा।** के खरगूपुर में स्थित पृथ्वीनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि इतिहास और चमत्कार का संगम है। यहां स्थित एशिया की सबसे ऊंची शिवलिंग न सिर्फ श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, बल्कि इसकी ऐतिहासिक मान्यता भी बेहद खास है भीम ने की थी शिवलिंग की स्थापन कहा जाता है कि करीब 6000 साल पहले जब पांडव अपनी माता कुंती के साथ अज्ञातवास में थे, तब वे इसी क्षेत्र में रुके थे, जिसे पहले चक्रनगरी कहा जाता था। उस समय इस क्षेत्र में बकासुर नामक राक्षस का आतंक था, जो रोज राजा से एक इंसान और भोजन की मांग करता था। जब एक विधवा ब्राह्मणी के इकलौते बेटे की बारी आई, तो माता कुंती ने अपने पुत्र भीम को बकासुर के भोजन के रूप में भेज दिया। लेकिन भीम ने भोजन खुद खा लिया और जब बकासुर ने खाने की मांग की तो दोनों में घमासान युद्ध हुआ। अंत में भीम ने बकासुर का वध कर दिया और प्रजा को उसके आतंक से मुक्त किया। हालांकि, ब्राह्मण वंश का वध करने के कारण भीम पर ब्रह्महत्या का दोष लग गया। इससे मुक्ति पाने के लिए उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की शरण ली। श्रीकृष्ण ने सलाह दी कि इस स्थान पर भगवान शिव का शिवलिंग स्थापित कर पूजा करने से मोक्ष प्राप्त होगा। भीम ने इस स्थान पर एक विशाल शिवलिंग स्थापित किया, जिसे पहले भीमेश्वर महादेव मंदिर कहा गया। शिवलिंग का रहस्य और 500 साल पुरानी पुनर्स्थापना समय के साथ मंदिर जर्जर होता गया और लगभग 500 साल पहले शिवलिंग जमीन में समा गया। बाद में अयोध्या स्टेट के पृथ्वीराज सिंह नामक व्यक्ति यहां गौशाला बनाने के लिए ईंटें निकलवा रहे थे। इसी दौरान जब खुदाई हुई तो वही प्राचीन शिवलिंग पुनः प्रकट हुआ। पृथ्वीराज सिंह ने इस स्थान पर नए सिरे से मंदिर का निर्माण करवाया और इसका नाम ‘पृथ्वीनाथ मंदिर’ रख दिया।

## संक्षिप्त डायरी

### आधा दर्जन के ऊपर मामलों मे नामजद शातिर बदमाश को हमीरपुर की राठ पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दबोचा



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की राठ पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 85/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस मे कदौरा थाना छेत्र के चन्दारसी निवासी 29 वर्षीय अभियुक्त उमेश कुमार पुत्र इन्द्रकुमार के पास से एक अदद तमंचा 315 बोर एक अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया. अभियुक्त के खिलाफ मु0अ0सं0 88/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज किया गया। राठ पुलिस ने बताया की गिरफ्तार किया गया अभियुक्त शातिर किस्म का बदमाश है, इसके खिलाफ आधा दर्जन के ऊपर मामले पहले से दर्ज है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे उ0नि0 पी0आर0 गौरव सहित का0 राहुल शामिल रहे।

## वृद्धाश्रम में बेसहारा बुजुर्गों संग मनाया जन्मदिन,बाटी खुशियां



**कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के गांव चिरगोडा धूसी निवासी अजय तिवारी व कृष्णा नन्द तिवारी के एकलौते पुत्र आरूष उर्फ शिब्बू के जन्मदिवस के अवसर परपूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने कसया स्थिति वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गो के साथ केक काटा और दीर्घायु की कामना के साथ जन्मदिन की बधाई दी। पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय ने कहा कि यहां जन्मदिन मनाने से बुजुर्गों को भी महसूस होने वाला एकाकीपन थोड़ा कम हो सके। यहां ऐसे लोग हैं जिन्हें अलग- अलग कारण से उनके परिवार ने छोड़ दिया है। ऐसे भी लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है। लेकिन फिर भी कुछ अनजान उनके भोजन, रहने खाने पीने की व्यवस्था करवाते हैं। कुछ ऐसे भी हैं जो अपना जन्मदिन की खुशी इन्हीं के साथ मनाते हुए इनका आशीर्वाद प्राप्त करने इच्छुक रहते हैं। पूर्व सांसद राजेश पाण्डेय, शिब्बू ने वृद्धजनो को फल,मिठाई और भोजन का वितरण कर बुजुर्गों का आशिर्वाद लिया। कृष्णा नन्द तिवारी ने कहा कि शिब्बु एक युवा होने के बावजूद उनके हृदय में बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना है। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष किंग नरेश चौबे, पुष्कर दूबे, पुनित पांडेय, अभिषेक पांडेय, ग्राम प्रधान डिम्पल पांडेय, जिला पंचायत सदस्य नितिश यादव, प्रियेश पाठक, अंजय तिवारी, मनोज मिश्रा, मुनाफ बुलेट, धर्मेंद्र यादव, बिशाल कुशवाहा, बिजय पाल चौरसिया, इंद्रजीत वर्मा, इन्दु देवी, निलम तिवारी, शवेता तिवारी, अनमोल तिवारी, प्रवधक रागिनी सिंह रज्जु, रामावती, मनोज कुमार पांडेय, रूचि सिंह, सुजीत कुमार, अरून, सरिता, पुजा, ऋषभ, वृद्धाश्रम के कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## महाशिवरात्रि पर ब्रह्मकुमारी राजयोग संस्था ने निकाली शोभायात्रा



**कुशीनगर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर फाजिलनगर में ब्रह्मकुमारी राजयोग संस्था द्वारा भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया जो भगवान शिव की महिमा का गुणगान करते हुए नगर की प्रमुख सड़कों से गुजरे। यात्रा के दौरान भगवान शिव की झांकी बनाई गई थी। शोभा यात्रा को ब्रह्माकुमारी राजयोग केंद्र से झंडी दिखाकर रवाना करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राधेश्याम पाण्डेय तथा ब्रह्माकुमारी के मुख्यालय माउंटआबू से आए संजय कुमार ने इस क्षण को अद्भुत बताया। केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी भारती बहन ने कहा कि परमात्मा शिव के अवतरण के उपलक्ष्य में निकली यह भव्य झांकी उनके भक्ति के प्रति समर्पित है। यहां से वह यात्रा बाबू बाजार, मुख्य बाजार, बाघौचघाट मोड़ से ब्लाक रोड, कालेज रोड होते हुए पुनः संस्था पर पहुंच कर समाप्त हुआ। यात्रा के दौरान संस्था की वरिष्ठ बहनों ने भगवान शिव की महिमा और महाशिवरात्रि के महत्व पर प्रकाश डाला, जिससे उपस्थित जनसमूह को आध्यात्मिक प्रेरणा मिली। यात्रा में डा केसी चौरसिया, डा प्रवण चतुर्वेदी, वरिष्ठ उप निरीक्षक पटहेरवा हरेराम यादव, चौकी प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, एसआई विशाल सिंह, ब्रह्मकुमार सूरज, सुनीता बहन, गया, मीना, करन, उदयभान सिंह, रामप्रसाद लाल, रामायण सिंह शामिल थे।

## महाशिवरात्रि पर सीएम ने किया रूद्राभिषेक



**गोरखपुर।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गोरखपुर पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने विधि-विधान के साथ मंत्रोच्चारण के बीच अभिषेक संपन्न किया। श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से सभी का जीवन मंगलमय और सुखद हो। फिर सीएम योगी ने मंदिर की गोशाला में पहुंचकर गोवंशों को खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। बुधवार को पूजा-अर्चना करने के बाद सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार लगाया। दूर-दराज से अपनी फरियाद लेकर पहुंचे लोगों से सीएम ने एक-एक कर मुलाकात की और उनकी समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के अफसरों को निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर में महाशिवरात्रि पर विशेष भव्य आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और भगवान शिव का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर परिसर शिव भजनों और मंत्रोच्चार से गूंज उठा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान शिव की कृपा से सभी का जीवन मंगलमय और सुखद हो। सीएम ने की गोसेवा दर्शन-पूजन करने के बाद सीएम योगी ने अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेककर आशीर्वाद लिया।

# न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक के जमाकर्ता 25,000 तक निकाल सकेंगे

## आरबीआई ने बताई तारीख और शर्त




**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीते दिनों न्यू इंडिया कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड, मुंबई के निदेशक मंडल को 12 महीने के लिए भंग कर दिया गया। आरबीआई ने मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक पैसे निकालने, जमा करने, लोन देने और किसी प्रकार के लिए लेनदेन पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके अधिकांश ब्रांच मुंबई और ठाणे में हैं। तीन लाख से अधिक ग्राहकों वाले इस बैंक से जुड़ी परेशानी में तात्कालिक राहत मिलने के संकेत हैं। आरबीआई ने ग्राहकों को पैसे निकालने की सशर्त अनुमति दी है।

**प्रशासक के सलाहकारों की समिति का पुनर्गठन–** जमाकर्ता इस निकासी के लिए बैंक की शाखा के साथ-साथ एटीएम चैनल का भी उपयोग कर सकते हैं, हालांकि, निकाली जा सकने वाली कुल राशि प्रति जमाकर्ता 25,000 रुपये या उनके खाते में उपलब्ध शेष राशि जो भी कम हो, होगी। समीक्षा के आधार पर रिजर्व बैंक ने 25 फरवरी, 2025 से प्रशासक के सलाहकारों की समिति (सीओए) का भी पुनर्गठन किया है।

● **एक बार में अधिकतम कितने पैसे निकाल सकेंगे ग्राहक–** दरअसल, सोमवार को मुंबई के न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के खाताधारकों के लिए एक अच्छी खबर सामाने आई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने प्रशासक के साथ बातचीत करके बैंक की तरलता स्थिति की समीक्षा करने के बाद 27 फरवरी, 2025 से प्रति जमाकर्ता 25,000 रुपये (केवल पच्चीस हजार रुपये) तक की जमा निकासी की अनुमति देने का निर्णय लिया है। उपरोक्त छूट के साथ कुल जमाकर्ताओं में से 50 प्रतिशत से अधिक अपनी पूरी शेष राशि निकाल सकेंगे और शेष जमाकर्ता अपने जमा खातों से 25,000 रुपये तक निकाल सकेंगे।

## ग्लोब टेक्सटाइल्स कंपनी का साथ शानदार प्रदर्शन

**अहमदाबाद।** टेक्सटाइल उद्योग में अग्रणी कंपनियों में से एक ग्लोब टेक्सटाइल्स ने थर्ड क्वार्टर और नौ महीनों के फायनान्शियल रीजल्ट्स की घोषणा की है। कंपनी ने रेवेन्यू और प्रोफिट में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है, जो कंपनी की बिजनेस स्ट्रेटेजी और ओपरेशन्स की सफलता दर्शाती है। 31 दिसंबर 2024 को खत्म हुए क्वार्टर के लिए रेवेन्यू 46.2 प्रतिशत 15,159.21 लाख हो गया जबकि पिछले वर्ष की इसी समयावधि में यह 10,367.19 लाख था। कंपनी का नेट प्रोफिट 53.7 प्रतिशत बढ़कर 291.42 लाख हो गया जो पहले 189.55 लाख था।

31 दिसंबर 2024 को समाप्त नौ महीनों के लिए, रेवेन्यू 20.8 प्रतिशत बढ़कर 42,397.79 लाख हो गया, जबकि पिछले वर्ष यह 35,095.74 लाख था। नेट प्रोफिट में 56.6 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि हुई और यह 943.55 लाख हो गया, जो कंपनी का सतत ग्रोथ दर्शाता है। ग्लोब टेक्सटाइल्स के 4,504 लाख के राइट्स इश्यू को अपेक्षा से अधिक रीस्पोन्स मिला, जिससे निवेशकों का कंपनी के ग्रोथ और फायनान्शियल स्टेबिलिटी में मजबूत विश्वास झलकता है।

# 10 टुकड़ों में बंटने जा रहा है आरडीबी रिएल्टी एंड इंफ्रास्ट्रक्चर का शेयर, 1 साल में किया पैसा डबल



**नईदिल्ली, एजेंसी।** मल्टीबैगर स्टॉक आरडीबी रिएल्टी एंड ईफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का बंटवारा होने जा रहा है। कंपनी अपने शेयरों को 10 हिस्सों में बांटने जा रही है। इस स्टॉक स्प्लिट के लिए कंपनी ने रिकॉर्ड डेट का ऐलान कर दिया है।

**इसी महीने है रिकॉर्ड डेट–** आरडीबी रिएल्टी एंड ईफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का बंटावारा 10 हिस्सों में किया जाएगा। कंपनी ने बताया है कि 10 रुपये के फेस वैल्यू वाले एक शेयर को 10 टुकड़ों में बांटा जाएगा। इस स्टॉक स्प्लिट के बाद कंपनी के शेयरों की फेस वैल्यू घटकर 1 रुपये प्रति शेयर हो जाएगी। बता दें, आरडीबी रिएल्टी एंड ईफ्रास्ट्रक्चर 28 फरवरी की तारीख को स्टॉक स्प्लिट के लिए रिकॉर्ड डेट तय किया है। अगर आप इस शेयरों के बंटवारे का फायदा लेना चाहते हैं तो एक कारोबारी दिन यानी 27 फरवरी को कंपनी के शेयर खरीद लेने होंगे।

**शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा–** सोमवार को कंपनी के शेयर 551.15 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था। पिछले 6 महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 27 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। वहीं, एक साल में स्टॉक का भाव 200 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, कंपनी का 52 वीक हाई 612.65 रुपये और 52 वीक लो लेवल 115.88 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 959 करोड़ रुपये का है।

2 साल में यह मल्टीबैगर स्टॉक 1300 प्रतिशत से अधिक का रिटर्न देने में सफल रहा है। वहीं, 3 साल में शेयरों का भाव 1600 प्रतिशत से अधिक बढ़ा है। बता दें, 5 साल में 2500 प्रतिशत की तेजी आरडीबी रिएल्टी एंड ईफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में देखने को मिला है। जबकि इस दौरान सेंसेक्स इंडेक्स में 85 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गई है।

कंपनी के शेयरों में काफी लम्बे समय के बाद कोई बड़ी हलचल देखने को मिलने जा रही है। 2013 से 2015 तक कंपनी ने हर एक शेयर पर एक-एक रुपये का डिविडेंड दिया था। उसके कंपनी ने ना तो डिविडेंड दिया ना ही बोनस शेयर का कोई ऐलान किया।

000000

## भारत में अमेजन प्राइम सदस्यों को सबसे तेज़ डिलीवरी स्पीड मिली

मुंबई। हर साल, अमेजन ग्राहक सिर्फ प्राइम सदस्यता लेकर बड़ी बचत कर रहे हैं। 2024 में, प्राइम सदस्यों को अब तक की सबसे तेज डिलीवरी मिली और उन्होंने पहले से कहीं अधिक बचत की। 2024 में अमेजन इंडिया ने प्राइम सदस्यों के लिए अब तक की सबसे तेज डिलीवरी की और 41 करोड़ से ज्यादा आइटम उसी दिन या अगले दिन पहुंचाए, जिससे ग्राहकों को उनकी जरूरत का सामान समय पर मिला। सिर्फ समय ही नहीं, बल्कि प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर पिछले साल औसतन 3300 रुपये से अधिक की बचत भी की है, जो वार्षिक प्राइम सदस्यता शुल्क से दोगुनी से भी ज्यादा है। दुनियाभर में, अमेजन प्राइम ने पिछले साल 9 अरब से ज्यादा उत्पाद उसी दिन या अगले दिन डिलीवर किए और प्राइम सदस्यों ने तेज और मुफ्त डिलीवरी पर करीब 95 अरब डॉलर की बचत की है। स्पीड और विशाल चयन ग्राहकों के लिए महत्वपूर्ण हैं, इसे समझते हुए अमेजन ने लॉजिस्टिक्स और डिलीवरी क्षमताओं में लगातार इन्वेस्ट किया है। सबसे बड़ा उत्पाद चयन सबसे तेज स्पीड से डिलीवर करने के लिए, अमेजन प्राइम ने 2024 में सेम-डे/नेक्स्ट-डे डिलीवरी के तहत सेवा वाले पिन कोड की संख्या 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ा दी, जिससे भारत के विभिन्न शहरों और कस्बों में और भी ज्यादा ग्राहकों को प्राइम सुविधाओं का लाभ मिलने लगा। आज, प्राइम सदस्यों को 10 लाख से ज्यादा आइटम्स पर मुफ्त, अनलिमिटेड सेम-डे डिलीवरी और 40 लाख से अधिक आइटम्स पर नेक्स्ट-डे डिलीवरी mazon.in पर मिल रही है। यही नहीं, सब-सेम डे डिलीवरी के तहत, प्राइम सदस्यों को mazon.in पर 20,000 से अधिक बेस्टसेलिंग आइटम्स सिर्फ 4 घंटे में डिलीवरी के लिए उपलब्ध हैं।

## बंधन ने नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10:90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स दिसंबर 2029 फंड लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। बंधन म्यूचुअल फंड ने अपना नया बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10 :90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स – दिसंबर 2029 फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड टारगेट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को एक स्ट्रक्चर्ड और सॉवरेन-समर्थित निवेश का मौका प्रदान करता है। यह फंड 90% स्टेट डेवलपमेंट लोन्स (एसडीएल) और 10% सरकारी प्रतिभूतियों (जी-सेक) वाले पोर्टफोलियो में निवेश करने के लिए डिजाइन किया गया है। दिसंबर 2029 में निर्धारित मैच्योरिटी के साथ, यह फंड निवेशकों को निवेश अवधि और रिटर्न क्षमता पर स्पष्टता के साथ विकसित ब्याज दर साइकिल में भाग लेने की सुविधा देता है। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 25 फरवरी, 2025 को निवेश के लिए खुलेगा और 05 मार्च, 2025 को बंद होगा। नए फंड के लॉन्च के मौके पर, विशाल कपूर, सीईओ, बंधन एएमसी ने कहा कि फिक्सड-इनकम लैंडस्कैप तेजी से डेवलप हो रहा है, जिससे निवेशकों के लिए बाजार की बदलती परिस्थितियों को नेविगेट करने के लिए सही इंस्ट्रूमेंट्स का चयन करना आवश्यक हो गया है। एक निर्धारित मैच्योरिटी तारीख वाले फंड में निवेश करने से निवेशकों को हाई क्वालिटी इंस्ट्रूमेंट्स तक पहुंच मिलती है जो स्कीम्स की मैच्योरिटी तक रखने पर रिटर्न की उचित मौजूदगी के साथ आसान तरलता प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, अभी, 4-5 वर्षों में मैच्योर होने वाले एसडीएल की उच्च मांग होने की उम्मीद है क्योंकि हम दरों में कटौती वाले दौर में प्रवेश कर रहे हैं। बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स 10 :90 गिल्ट + एसडीएल इंडेक्स – दिसंबर 2029 फंड को निवेशकों को अधिकतम अवधि और उचित एक्चुअर्ल्स के साथ एक सॉवरेन समर्थित पोर्टफोलियो की पेशकश करके इन डायनेमिक्स का लाभ उठाने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है।

# एसआरएम के चांसलर को आईसीडी से प्राप्त हुआ ऑनररी फैलोशिप का सम्मान



**चेन्नई, एजेंसी।** इंटरनेशनल कॉलेज ऑफ डेंटिस्ट्री सेक्शन वीआई (भारत, श्रीलंका और नेपाल) ने एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के फाउंडर चांसलर डॉ. टी.आर. पारीवेंधर को ऑनररी फैलोशिप प्रदान करते हुए सम्मानित किया है। नॉन-डेंटिस्ट/नॉन-मेडिकल क्षेत्र मेंयह डिस्टिंक्शनशायद ही कभी किसी को मिलती है, परंतु डॉ पारीवेंधर जी को यह प्रतिष्ठित फेलोशिप प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह फेलोशिप शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा वितरण के क्षेत्र में उनके योगदान को सम्मानित करता है। कट्टनकुलथुर स्थित एसआरएम आइएसटी में एसआरएम कट्टनकुलथुर डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित आईसीडी की वार्षिक बैठक एवं दीक्षांत समारोह के दौरान डॉ. पारीवेंधर को इन दोनों क्षेत्रों में उनके असाधारण योगदान के लिए पहचाना गया था।

आईसीडी के ग्लोबल प्रेसिडेंट डॉ. आयन एम. डॉयल एवं आईसीडी सेक्शन वीआई की प्रेसिडेंट डॉ. मीरा वर्मा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों नेउन्हें ऑनररी फैलोशिप से नवाज़ा।

अपने स्वीकृति भाषण में, डॉ. पारिवेंधर ने दंत चिकित्सा के विशेष महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कियह लोगों को सीधे चलने, साफ-साफ बोलने और आत्मविश्वास के साथ हंसने में सहायता करने के साथ-साथएक महत्वपूर्ण भूमिका भी निभाता है। इस प्रतिष्ठित सम्मान के योग्य समझकर फेलोशिप प्रदान करने पर उन्होंने आईसीडी के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त किया, जबकि वे एक नॉन-मेडिकल प्रोफेशनल हैं।

# सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट का समेकित शुद्ध लाभ एच1 एफवाय25 में 195 प्रतिशत बढ़ा प्रतिशत

**पुणे, एजेंसी।** सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड, जो फैसिलिटी मैनेजमेंट क्षेत्र की अग्रणी कंपनियों में से एक है, ने वित्तीय वर्ष 2025 की पहली छमाही (एच1 एफवाय25) के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। सुप्रीम फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ, अमोल शिंगाटे ने टिप्पणी करते हुए कहा, वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में हमारी मजबूत वित्तीय प्रदर्शन हमारी परिचालन उत्कृष्टता और ग्राहक संतुष्टि के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभिन्न उद्योगों में हमारी एकीकृत सेवा पेशकशों की बढ़ती स्वीकृति हमें फैसिलिटी मैनेजमेंट और समर्थन सेवाओं में एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में मजबूत बनाती है।

18 दिसंबर 2024 को एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर हमारी सफल लिस्टिंग के साथ, हम अब अपनी सेवा क्षमताओं का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी-संचालित समाधानों को बढ़ाने और अपने बाजार की स्थिति को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह हमारे दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसमें नवाचार को बढ़ावा देना और उद्योग की बदलती मांगों को पूरा करना शामिल है।

हमारे वित्तीय परिणामों के बाद, हमने कोमोरेबी टेक सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में एक महत्वपूर्ण अनुबंध हासिल किया है, जिसका उद्देश्य मुंबई महानगरीय क्षेत्र में बस सेवाओं को बेहतर बनाना है। इस पहल के तहत सिटीफ्लो प्लेटफॉर्म के तहत आधुनिक बसों के बेड़े की शुरुआत की जाएगी, जिससे निर्बाध और विश्वसनीय परिवहन सुनिश्चित किया जा सके। यह अनुबंध सतत शहरी गतिशीलता समाधान प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

आगे देखते हुए, हम अपने पदचिह्न का विस्तार करने, अत्याधुनिक तकनीकों का लाभ उठाने और अपनी सेवा पोर्टफोलियो को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एकीकृत सुविधा प्रबंधन और विशिष्ट समर्थन सेवाओं की बढ़ती मांग के साथ, हमें सतत विकास को आगे बढ़ाने की अपनी क्षमता पर पूरा विश्वास है।

# मध्य प्रदेश में आईईएसए की भूमिका और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भागीदारी

● आईईएसए ने सेमीकंडक्टर सेक्टर से संबंधित मध्य प्रदेश सरकार की नीति की सराहना की ● बीते साल हुए साझे एमओयू के बाद यह एक बड़ा कदम




**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा भोपाल में मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का उद्घाटन किया गया। आईईएसए (जिसका प्रतिनिधित्व इसके अध्यक्ष, अशोक चांडक और कई सदस्य करते हैं) के लिए इस उद्घाटन समारोह में शामिल होना और उसका गवाह बनना बहुत प्रेरणादायक अवसर रहा। यह महत्वपूर्ण अवसर मध्य प्रदेश की आर्थिक वृद्धि और विकास की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आईईएसए पिछले कई वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर सेक्टर में पहल करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी हुई है। मध्य प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीएसईडीसी) ने लगातार आईईएसए विज़न समिट और अन्य प्रमुख उद्योग पहलों में हिस्सा लिया है। पिछले साल, आईईएसए ने मध्य प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की उपस्थिति में एमपीएसईडीसी के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए थे, जिससे राज्य की सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स नीति विकास में सहयोग करने की हमारी प्रतिबद्धता को बल मिला। मध्य प्रदेश की सेमीकंडक्टर नीति को सफलतापूर्वक तैयार किया गया और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान आधिकारिक तौर पर इसकी घोषणा की गई थी, जो कि एमओयू के ऐक्शन प्लान की कामयाबी का परिचायक है। यह सेमीकंडक्टर पॉलिसी मध्य प्रदेश में ईएसडीएम ईकोसिस्टम के विस्तार में एक महत्वपूर्ण कदम है। आईईएसए के अध्यक्ष श्री अशोक चांडक ने 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भाग लिया और सेमीकंडक्टर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स पर एक पैनल चर्चा का संचालन किया। चर्चा के दौरान, उन्होंने पीसीबी मैन्युफैक्चरिंग, फैबलेस सेमीकंडक्टर डिजाइन, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर असेम्बली व टैस्टिंग और सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन सहित सेमीकंडक्टर व इलेक्ट्रॉनिक्स ईकोसिस्टम के विभिन्न सैगमेंट्स को विकसित करने हेतु मध्य प्रदेश के लिए प्रमुख रणनीतियों पर प्रकाश डाला। उद्योग जगत की मजबूत भागीदारी और मध्य प्रदेश राज्य के सक्रिय दृष्टिकोण के साथ, इस पहल से महत्वपूर्ण निवेश आकर्षित होने, रोजगार के अवसर पैदा होने तथा राज्य एवं राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था दोनों में योगदान मिलने की उम्मीद है। आईईएसए मध्य प्रदेश सरकार, एमपीएसईडीसी, अधिकारियों और इंडस्ट्री स्टेकहोल्डरों को इस जीआईएस व सेमीकंडक्टर पॉलिसी की उपलब्धि पर बधाई देता है और राज्य में ईएसडीएम क्षेत्र की वृद्धि और विकास को देखने के लिए तत्पर है।

## कलर्स के सेलेब्स ने महाशिवरात्रि के अपने रिवाज़ों और मान्यताओं के बारे में खुलकर बात की

**मुंबई, एजेंसी।** कलर्स के 'राम भवन' में ओम का किरदार निभा रहे मिश्कत वर्मा कहते हैं, मुझे महादेव का दर्शन बेहद प्रासंगिक लगता है- अतीत की बातों को भूलकर, वर्तमान में यकीन करो, और आगे की सफर के प्रति पूर्ण समर्पण करो। इन मान्यताओं ने मुझे एक इंसान के तौर पर बेहतर बनाया है, जिससे मुझे अपनी ज़िंदगी और अपने क्राफ्ट में शांति और स्पष्टता मिली है। इससे भी खास बात यह है कि राम भवन में मेरा किरदार, ओम, इन्हीं आदर्शों का प्रतीक है- दृढ़ता, सच्चाई, और नियति पर अटूट विश्वास- ये आदर्श महादेव की शिक्षा के मूल में हैं। मैं महा शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर जाऊंगा और कुछ समय ध्यान करूंगा। यह पवित्र रात हमें याद दिलाती है कि धैर्य, यकीन, और ईश्वर की कृपा पर विश्वास हमें सबसे कठिन तूफानों से भी निकाल सकता है। मेरी कामना है कि हम सभी को भगवान शिव के आशीर्वाद से बीती बातों को भूलकर आगे बढ़ने और वास्तविकता को स्वीकार करने का ज्ञान मिले। हर हर महादेव! कलर्स के 'शिव शक्ति-तप त्याग तांडव' में मीनाक्षी की भूमिका निभा रहीं सुभा राजपूत कहती हैं, शिव शक्ति-तप त्याग तांडव का हिस्सा बनना ऐसा आशीर्वाद है, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

# हाईफन फूड्स ने भारत में आलू की खेती में डिजिटल क्रांति लाने के लिए यू.के. की हार्वेस्टआई के साथ साझेदारी की

## यह साझेदारी आलू किसानों की उत्पादकता और लाभ बढ़ाने में मदद करेगी

### नई तकनीक के जरिए आकार, उपज और गुणवत्ता पर सटीक डेटा मिलेगा।

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की प्रमुख आलू प्रोसेसिंग कंपनी और फ्रोजन आलू प्रोडक्ट्स की सबसे बड़ी निर्माता, हाईफन फूड्स ने यू.के. की मशहूर फसल इनसाइट्स कंपनी, हार्वेस्टआई




के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा करी। इस साझेदारी के तहत हाईफन फूड्स भारत में उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) टेक्नोलॉजी लेकर आएगी। यह साझेदारी किसानों को बेमिसाल टेक्नोलॉजी मुहैया कराएगी जिससे वह उनकी फसल की पूरी क्षमता का लाभ उठा सकेंगे। हाईफन ग्रुप के एमडी और ग्रुप सीईओ, हरेश करमचंदानी ने कहा, यह रणनीतिक साझेदारी हमारे विजन के अनुरूप है, जो ताजा उपज से जुड़े खाद्य उद्योग में क्रांति लाने पर केंद्रित है। हाईफन ग्रुप की एग्रीबिजनेस यूनिट, हाईफार्म के जरिए हम आलू खेती में अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी ला रहे हैं।

हाईफार्म हमेशा नई डिजिटल टेक्नोलॉजी और प्रिसिजन कृषि उपकरणों को अपनाने पर जोर देता है, ताकि आलू की फसल की उत्पादकता, लाभ और गुणवत्ता में सुधार हो सके। यह आलू मूल्य श्रृंखला को बेहतर बनाता है, और फसल के नुकसान को कम करने में मदद करता है। हार्वेस्टआई, उन्नत मशीन लर्निंग (एएमएल) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से संचालित विजन सिस्टम का इस्तेमाल करेगा, जो आलू की फसल का आकार, संख्या और वजन जैसी जानकारियां साथ के साथ देगा। यह साझेदारी हार्वेस्टआई को हाईफार्म के अग्रणी किसान-कनेक्ट डिजिटल इकोसिस्टम फार्मोजी से जोड़ने में भी सक्षम बनाती है। आज फार्मोजी ने आलू खेती में क्रांति ला दी है, जहां किसान फसल सलाह, मिट्टी की सेहत जांच, जल दक्षता मार्गदर्शन, मौसम और रोग अलर्ट, ड्रोन स्प्रे और मशीनीकरण जैसी कई सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## जियो हॉटस्टार पर 26 फरवरी को देखिए ज्योतिर्लिंगों की लाइव आरती

**मुंबई।** जियो हॉटस्टारमहाशिवरात्रि: दडिवाइननाइट के साथ एक अनोखे और मनमोहक महाशिवरात्रि कार्यक्रम के प्रसारण के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 26 फरवरी को शाम 6 बजे से शुरू होने वाला 12 घंटे का विशेष लाइव प्रसारण होगा और पूरे देश में इस पवित्र उत्सव की भव्यता को प्रदर्शित करेगा। अपनी तरह का एक पहला, मल्टी-फॉर्मेट, मल्टी-लोकेशन, मल्टी-स्ट्रीम लाइव इवेंट, महाशिवरात्रि- दडिवाइननाइट, देश भर के ज्योतिर्लिंगों की 20 से ज्यादा आरतियों तक रीयल-टाइम पहुँच के साथ साथ भारत को एक दिव्य उत्सव में एकजुट करने का विश्वास दिलाता है, जिससे दर्शक अपने घरों में बैठे ही इस उत्सव में भाग ले सकेंगे। इस लाइव इवेंट के सीधे प्रसारण में दर्शक सभी ज्योतिर्लिंगों की 20 से ज्यादा आरतियों को रीयल-टाइम में देख सकते हैं,क्योंकि देश भर से प्रसारित ये उत्सव उनके डिवाइस पर होंगे। इसके ज़रिये वे आरतियों के महत्व को समझ सकते हैं और साथ ही अनुष्ठानों के अर्थ को भी गहराई से समझ सकते हैं।



# दृश्यम 3 में एक नई कहानी पेश करेंगे अजय देवगन

साल 2015 में आई दृश्यम फिल्म ने लोगों का दिल जीत लिया। फिल्म में अजय देवगन ने जबरदस्त एक्टिंग की थी। यह फिल्म इतनी चली कि फिल्म निर्माताओं ने सात साल के बाद दृश्यम 2 बनाई। यह फिल्म ब्लकबस्टर साबित हुई। पिंकविला के मुताबिक अब अजय देवगन दृश्यम 3 में नजर आने वाले हैं।

### दूसरी फिल्मों के बजाए दृश्यम 3 की करेंगे शूटिंग

सूत्रों ने बताया है कि अजय देवगन को एक फिर से दृश्यम 3 के लिए चुना गया है। सोर्स ने बताया कि अजय देवगन जुलाई से अगस्त तक दूसरी फिल्मों में शूटिंग करने वाले थे लेकिन अब वह दृश्यम 3 में काम करेंगे. कुछ हफ्तों पहले अभिषेक पाठक और लेखक, अजय देवगन के घर गए और उन्होंने अजय देवगन को दृश्यम 3 के बारे में बताया। इसके बाद अजय देवगन दृश्यम 3 में काम करने के लिए राजी हुए। वह दोबारा इस फिल्म में विजय सालगांवकर का किरदार निभाने के लिए उत्साहित हैं।

### इन फिल्मों में काम कर रहे हैं

दृश्यम 3 की शूटिंग से पहले अजय देवगन दे दे प्यार दे 2, धमाल 4 और रेंजर फिल्म की शूटिंग पूरी करेंगे। अजय देवगन की फिल्म दे दे प्यार दे 2 पहले से झोली में है, धमाल 4 के लिए मार्च 2025 से शूटिंग शुरू होगी। मई में वह रेंजर के लिए शूटिंग शुरू करेंगे। इस साल अजय देवगन की झोली में हैं ये एक सूत्र ने बताया कि अजय देवगन साल 2025 के आखिर तक वयस्त हैं। इस दौरान वह दे दे प्यार 2, धमाल 4, रेंजर और दृश्यम 3 की शूटिंग पूरी करेंगे। वह अपनी फिल्मों को लेकर आत्मविश्वास से भरे हैं। वह हर फिल्म में अलग-अलग किरदार कर रहे हैं। दृश्यम 3 के बाद हो सकता है कि अजय देवगन गोलमाल 5 के लिए शूटिंग शुरू करें। इस फिल्म की स्क्रिप्ट लिखी जा रही है। इस फिल्म की शूटिंग कब शुरू होगी इसके बारे कुछ कहना अभी जल्दबाजी होगी। अजय देवगन जल्द ही रेड 2 और सन ऑफ सरदार 2 में नजर आएंगे।



# लड़कियां कुछ भी हो सकती हैं पर कमजोर नहीं, खुद पर यह भरोसा होना चाहिए

**टीवी शो गुम है किसी के प्यार में से लोगों के दिलों में घर बनाने वाली एक्ट्रेस आयशा सिंह इन दिनों नए सीरियल मन्नत- हर खुशी पाने की में एक जिम्मेदार बेटी, जुझारू लड़की और महत्वाकांक्षी शेफ की भूमिका में नजर आ रही हैं।**

**आपके लिए सशक्त महिला की परिभाषा क्या है? क्या लड़की होने की वजह से कभी कमतरी का अहसास हुआ है?**

मेरा मानना है कि दूसरे जो भी सोचें, हमें खुद को कमजोर नहीं मानना चाहिए। अगर मैंने मान लिया कि मैं कमजोर हूं तो फिर मैं कमजोर ही हूं। हमें खुद यह माइंडसेट रखना चाहिए कि हम अबला या बेचारी नहीं हैं। हम मजबूत इंडीविजुअल हैं। यह लड़ाई आपके भीतर से शुरू होती है। अगर कोई लड़की किसी दिक्कत से जूझ रही है तो कभी यह नहीं कहना है कि मैं तो कमजोर हूं, मैं क्या ही कर सकती हूं ! नहीं, मैं बेवकूफ हो सकती हूं, मैं आलसी हो सकती हूं, फलाना-ढिकाना हो सकती हूं पर मैं कमजोर नहीं हूं। मेरा मानना है कि हर लड़की को खुद पर यह भरोसा रखना चाहिए।

**ज्यादातर नामी शेफ मर्द होते हैं। शो में आप एक शेफ के रोल में हैं। आपकी इस बारे में क्या राय है?**

मेरे हिसाब से ऐसा इसलिए है, क्योंकि पहले लड़कियां घर से बाहर निकलती नहीं थीं। वो घर ही संभालती थी। बाहर खाना बनाने वाले पहले भी महाराज या हलवाई ही होते थे। अब उनका ही नया वर्जन शेफ के रूप में आ गया। चूंकि, पहले जेंडर रोल डिफाइन होता था कि कमाने का काम मर्दों का होता था, इस वजह से ऐसा है। अब चीजें बदल रही हैं। बेशक बराबरी अब भी नहीं आई है, पर सोच बदल रही है। छोटे शहरों, कस्बों में बदलाव आना अभी बाकी है, पर जैसे-जैसे देश बदलेगा और पूरे देश में जॉब के मौके बढ़ेंगे, ये हालात बदलेंगे।

**आपका शो एक वर्किंग लड़की की कहानी है, मगर टीवी पर ज्यादातर सास बहू ड्रामा या टिपिकल लव स्टोरी हावी रहती है। इसकी क्या वजह मानती हैं?**

मुझे लगता है कि हर चीज का एक दौर होता है। जैसे एक समय में टीवी पर देख भाई देख जैसे सिटकॉम का दौर था। फिर, सास भी कभी बहू वाला दौर आया। उसके बाद बालिका वधू जैसी मैसेज वाली रियलिस्टिक कहानियां भी आईं, तो ऑडियंस की जो मांग होती है, मेकर्स को उसे पूरा करना होता है। ये ताकत ऑडियंस के हाथ में होती है कि उसे क्या देखना है, बाकी सब सिर्फ उसे पूरा कर रहे होते हैं। जैसे, शेफ के तौर पर भी मैं खाना वही बनाऊंगी जो लोग ऑर्डर देंगे। वरना हम अलग तरह के शो बना भी दे और कोई देखे नहीं तो क्या फायदा होगा। ऐसा नहीं है कि लोग रिस्क नहीं लेते। अच्छे-अच्छे शोज भी आए हैं पर वे चले नहीं। अब वजह मुझे नहीं पता लेकिन मेरे हिसाब से जैसी मांग होगी, वही चीज दी जाएगी।



# रणबीर के बिना अक्सा बीच पर रामायण के वॉर सीक्वेंस शूट कर रहे हैं यश

नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। फिल्म में रणबीर कपूर और साई पल्लवी राम-सीता का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में अभिनेता यश को 'रावण' के किरदार के लिए कास्ट किया है। ताजा अपडेट्स के मुताबिक केजीएफ फेम अभिनेता 'यश' ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। इस फिल्म में यश रावण का किरदार निभा रहे हैं। फैंस उन्हें इस रोल में देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि साई पल्लवी और रणबीर कपूर पहले ही मुंबई में कुछ सीन शूट कर चुके हैं।

### इस दिन से यश ने शुरू की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता यश हाल ही में मुंबई पहुंचे और दो दिनों के कॉस्ट्यूम ट्रायल के बाद रामायण - भाग 1 की शूटिंग शुरू कर दी। यह शेड्यूल मुख्य रूप से युद्ध के सीन पर आधारित है, जो अक्सा बीच पर फिल्माया जा रहा है। कहा जा रहा है कि युद्ध के दृश्यों को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है, जो रावण के किरदार को सपोर्ट करते हैं। सीन में ऑन-ग्राउंड एक्शन के साथ ग्रीन स्क्रीन इफेक्ट्स को भी शामिल किया गया है, जिसमें वीएफएक्स का काफी काम किया गया है।

### सेगमेंट का हिस्सा नहीं होंगे रणबीर कपूर

रिपोर्ट्स के मुताबिक इस सेगमेंट में रणबीर कपूर हिस्सा नहीं लेंगे। इसका कारण है कि इस शेड्यूल में राम और रावण के बीच युद्ध नहीं दिखाया जाएगा। हालांकि, शूट के दौरान यश के साथ फिल्म से जुड़े अन्य कलाकार मौजूद रहेंगे।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

'रामायण' का निर्देशन नितेश तिवारी कर रहे हैं। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होगी। इसका पहला भाग साल 2026 में रिलीज किया जाएगा। 'रामायण' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में लारा दत्ता, रानी देओल और इंदिरा कृष्णा जैसे कलाकार भी शामिल हैं।



# आयुष्मान की फैमिली ड्रामा में हुई शरवरी की एंट्री

फिल्म मुंज्या की शानदार सफलता के बाद शरवरी का करियर उड़ान भर रहा है। उन्हें लगातार बड़े बैनर की फिल्में मिल रही हैं। इम्तियाज अली की दिलजीत दोसांझ, वेदांग रैना और नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ एक



पीरियड रोमांटिक फिल्म में शामिल होने के बाद, अब खबर है कि शरवरी को सूरज बड़जात्या की अगली बड़ी फैमिली ड्रामा फिल्म में आयुष्मान खुराना के साथ मुख्य भूमिका के लिए साइन किया गया है। बड़जात्या ने अपनी आगामी अनटाइटल फिल्म में शरवरी को लीड रोल में कास्ट किया है। दोनों के बीच बातचीत जारी है। शरवरी को फिल्म की कहानी भी पसंद आ गई है। फिल्म के जुड़े एक सूत्र ने पुष्टि की है कि शरवरी, सूरज बड़जात्या की अगली फिल्म में उनकी सभी अपेक्षाओं को पूरा करती हैं। खासकर इस दिल छू लेने वाली रोमांटिक फिल्म में संवेदनशीलता और मासूमियत लाने के पहलू को शरवरी अपनी शख्सियत से पूरा कर रही हैं। इसलिए उनकी कास्टिंग बिल्कुल परफेक्ट है। सूत्र ये भी कहते हैं कि आयुष्मान और शरवरी की कास्टिंग स्क्रीन पर एक फ्रेशनेस लाएगी। यह उनकी साथ में पहली फिल्म होगी और दोनों कलाकार बड़जात्या के साथ काम करने के लिए रोमांचित हैं। फिल्म की शूटिंग इस साल के मध्य में शुरू हो जाएगी, वहीं यह फिल्म 2026 के अंत तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। फिल्म के टाइटल का एलान जल्द ही किया जाएगा।




# इन वूमेन सेंट्रिक सीरीज की कहानी दिल को छू लेगी

## एक में हुमा कुरैशी भी आईं नजर

हाल ही में ओटीटी पर सान्या मल्होत्रा की फिल्म 'मिसेज' रिलीज हुई है। इन दिनों यह वूमेन सेंट्रिक फिल्म अपनी कहानी और किरदारों के कारण खूब चर्चा में है। इसमें महिलाओं की जिंदगी की मुश्किलों को बहुत बारीकी से दिखाया गया है। ऐसे कई वेब सीरीज भी ओटीटी पर आई, जिनकी कहानी वूमेन सेंट्रिक रही।

### मेड इन हैवन



वेब सीरीज 'मेड इन हैवन' एक रोमांट्रिक ड्रामा सीरीज रही है। इस सीरीज में शोभिता धुलिपाला भी नजर आई थीं। इसमें दिल्ली की एक वेडिंग प्लानिंग कंपनी लोगों की शादी करवाती है। इसी सीरीज में जो महिला किरदार हैं, उनके आसपास ही पूरी कहानी घूमती है। किस तरह की चुनौतियों का सामना वे अपने रिश्ते में कर रही हैं, उन्हें कैसे सुलझा रही हैं, उस पर ही पूरी वेब सीरीज बेस्ड है।



### द टेस्ट केस

द टेस्ट केस में निमृत कौर ने लीड रोल किया था। इसमें वह शिखा शर्मा के रोल में दिखीं, जो आर्मी की स्पेशल टास्क फोर्स में शामिल होने वाली अकेली लड़की है। ट्रेनिंग के दौरान उसे खुद को साबित करना है। क्या इस काम में शिखा सफल होती है? क्या वह इस मुश्किल टेस्ट को पास करती है? यही वेब सीरीज की कहानी है।

### फोर शार्ट मोर प्लीज

इस वेब सीरीज में चार महिलाओं की स्टोरी है। जो 20 से 30 साल के बीच की हैं। वह अपनी लाइफ को कैसे जीती हैं? इस दौरान कुछ गलतियां करती हैं लेकिन आगे बढ़ती रहती हैं। साथ ही अपने हिसाब से जिंदगी को जीना पसंद करती हैं। इस सीरीज को भी वूमेन ऑडियंस ने काफी पसंद किया था।



### दिल्ली क्राइम

वेब सीरीज दिल्ली क्राइम के कई सीजन आ चुके हैं। इसमें डीसीपी वर्तिका चतुर्वेदी के किरदार में शेफाली शाह नजर आती हैं। वर्तिका अपराध की गुत्थियां काफी सूझ-बूझ से सुलझाती है। साथ ही अपनी जिंदगी की मुश्किलों से भी निपटती है। इस सीरीज से फीमेल फैंस ने काफी रिलेट किया था।

### महारानी

हुमा कुरैशी स्टारर वेब सीरीज महारानी को भी ऑडियंस ने काफी पसंद किया। इस सीरीज में उन्होंने रानी भारती की भूमिका निभाई थी, जो एक अनपढ़ महिला है, जो अपने पति के घायल होने के बाद बिहार की मुख्यमंत्री बन जाती है। इसके बाद कैसे वह राज्य चलाती है? लोगों की भलाई का सोचती है? यही वेब सीरीज की स्टोरी लाइन है।



समाचार गेट
HARHIN11569
स्वामी (मुद्रक, प्रकाशक) रवीना यादव द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस, डी-85, सेक्टर-6, नोएडा 201301, उत्तर प्रदेश से मुद्रित करवाकर कार्यालय मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) से प्रकाशित किया। संपादक: कृष्णा शर्मा। संपादकीय कार्यालय: मकान नंबर 2, नियर सेक्टर-61, विलेज मलेरना, बल्लभगढ़ फरीदाबाद, (हरियाणा) पीआरपी एक्ट के अंतर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। कानूनी सलाहकार: बृहमदत्त शर्मा, 9818180269, ईमेल : krishna24news@gmail.com

# एलिवेटिड पुल से जल्दी होगा बल्लभगढ़ जाम मुक्त : मूलचंद शर्मा

## एलिवेटिड पुल निर्माण कार्य का पूर्व केबिनेट मंत्री ने किया निरीक्षण

समाचार गेट/संजय शर्मा

**बल्लभगढ़।** बल्लभगढ़ में आगरा मथुरा रोड से मुंबई बड़ोदरा एक्सप्रेसवे को जोड़ने वाले एलिवेटेड पुल का आज पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक पंश मूलचंद शर्मा ने निरीक्षण किया। बता दे की एलिवेटिड पुल के दूसरे चरण का काम भी शुरू किया जा चुका हे पिलर पियर का कार्य भी शुरू किया जा चुका और पिलर के उपर रखे जाने वाले लगभग 40 गाडर (गाटर) भी तैयार हो चुके हैं।

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने कहा की लगभग 215 करोड़ की लागत से बनने वाले हरियाणा के इस बड़े एलिवेटेड पुल से लाखो लोगो को फायदा मिलेगा,शहर जाम मुक्त होगा, साथ ही जेवर एयरपोर्ट से बल्लबगढ़ मेट्रो स्टेशन तक का सफर आसान होगा।

उन्होंने कहा की यह पुल आगरा मथुरा नेशनल हाइवे और मुंबई बड़ोदरा हाइवे को जोड़ने का काम करेगा।



मोहना रोड एलिवेटिड लगभग 18 महीने में पूरा होने की संभावना है।

विधायक पं0 मूलचंद शर्मा ने कहा की 2026 का बल्लबगढ़ विकास का मॉडल शहर दिखाई देगा।

बता दे की करीब 3 किलोमीटर से ज्यादा लंबा यह पुल यह मोहना रोड से होकर गुजरेगा जो की दशहरा मैदान से शुरू होगा और मोहना रोड संथित आदर्श नगर थाने के पास उतरेगा। इसके निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बल्लभगढ़ बस अड्डा से जेवर एयरपोर्ट की दूरी मात्र 25 मिनट की होगी ,इसके साथ ही करीब 80 गांव के लोगों को इसका फायदा पहुंचेगा।

बल्लभगढ़ विधानसभा के करीब 30 कालोनियां और कई सेक्टरों को मोहना रोड पर लगने वाले दैनिक जाम से छुटकारा मिलेगा वही सेक्टर 2 और 64 सेक्टर 65 सेक्टर 62 की तरफ से अब मेट्रो स्टेशन या बस स्टैंड आने में मात्र 5 मिनट का समय ही लगेगा।

विधायक श्री शर्मा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनका सपना पूरा होने जा रहा हैं उन्होंने जो बल्लभगढ़ शहर को जाम मुक्त करने का सपना देखा था और जो वायदा यहां के लोगों से किया था वह जल्द पूरा हो जाएगा।

# महाशिवरात्रि साधकों को इच्छित फल, धन, सौभाग्य, समृद्धि, संतान व आरोग्यता देने वाला पर्व है: टोनी पहलवान

समाचार गेट/संजय शर्मा

**फरीदाबाद।** श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट (रजि) फरीदाबाद (प्राचीन हनुमान मंदिर) महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद की ओर से श्री महावीर मंदिर में महाशिवरात्रि पर्व का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस मौके पर सेवादार टेकचन्द नन्द्राजोग (टोनी पहलवान), अनिल गुप्ता सचिव, चरणसिंह सैनी प्रधान, योगेश चावला सचिव, सुनील शर्मा कोषाध्यक्ष, अनिल वर्मा, धीरज वधवा, टीटू मटके वाला, पंडित शिवराम शर्मा, अनिल गुप्ता, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, केडी शर्मा, पिन्टू सैनी, राजेश तनेजा, प्रेमवीर सिंह, पंडित धीरज शास्त्री जी व समस्त महिला मंडल गुरुद्वारा महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद ने भगवान भोलेनाथ का पंच अमृत से रूद्राभिषेक कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर टेकचन्द्र नन्द्राजोग (टोनी पहलवान) ने कहा कि इस दिन भक्त अपने आराध्य शिव शंकर को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखते हैं और उन्हें गंगाजल अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि



साधकों को इच्छित फल, धन, सौभाग्य, समृद्धि, संतान व आरोग्यता देने वाला है।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि के दिन शिव की अराधना करने से भक्तों के सभी कष्ट तो दूर होते हैं साथ ही इस महाशिवरात्रि के दिन पूजा और व्रत रखने से मोक्ष की प्राप्ति होती है। टेकचन्द्र नन्द्राजोग टोनी पहलवान ने कहा कि वे भगवान भोले नाथ से प्रार्थना करते है कि वे सभी पर अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखे और सभी के घर में सुख और शांति का वास हो।

# टीबी मुक्त जिला बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं जाएं : उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

## उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीबी फोरम की बैठक का आयोजन

समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टीबी फोरम एवं पीएल एचआईवी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में टीबी रोगियों के न्याय, अधिकार एवं गरिमा को सुनिश्चित करना और उन्हें प्रभावी सेवाएं प्रदान करने जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिला नूंह टीबी उन्मूलन के लिए किए गए कार्यों और टीबी अधिसूचित मामलों के विवरण की रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। साथ ही निक्षय पोषण योजना, प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान और टीबी मुक्त पंचायतों की स्थिति के बारे में भी जानकारी दी गई। उन्होंने जिला को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने तथा टीबी मरीजों की सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ देने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने बताया कि जिला स्तरीय टीबी फोरम समिति का प्रयास है कि जिला में टीबी रोगियों के अधिकारों और सम्मान को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी गतिविधियां आयोजित हों। रोगी के प्रति भेदभाव को कम करना और टीबी रोगियों व बचे लोगों और उनके परिवारों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा टीबी रोगियों के लिए उपलब्ध विभिन्न सरकारी योजनाओं व सुविधाओं के बारे में जागरुकता बढ़ाने का कार्य किया जाए। उन्होंने बताया कि सिविल अस्पताल मांडीखेड़ा में जिला टीबी केंद्र निर्माणाधीन है और जल्द से इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसी प्रकार डॉ. लाल पैथ लैब द्वारा वर्ष 2024 में 2000 टीबी मरीजों को पोषण सहायता प्रदान की जा रही हैं। आईओसीएल के सीएसआर फंड से दो सीबीएनएएटी मशीन, एक हैंड लैंड एक्स-रे मशीन



और दस माइक्रोस्कोप उपलब्ध हुए हैं। टीबी चैंपियंस की पहचान कर उन्हें प्रशिक्षण दिया गया है, यह चैंपियन गांवों में टीबी स्क्रीनिंग व नमूना संग्रह में सहयोग कर रहे हैं। इसी प्रकार जिला में 136 एमडीआर टीबी मरीजों को निःशुल्क उपचार प्रदान किया जा रहा है। दिसंबर 2023 में एसएचकेएम मेडिकल कॉलेज, नल्हड़ में एचआईवी मरीजों के लिए एआरटी केंद्र शुरू किया गया था।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक महत्वपूर्ण प्रयास है जिसका उद्देश्य देश को तपेदिक (टीबी) मुक्त बनाना है। यह अभियान 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए निर्धारित किया गया है। इसके तहत टीबी के लक्षणों, उपचार और रोकथाम के बारे में अधिक से अधिक जन जागरुकता फैलाना, लोगों को सही समय पर इलाज देने और टीबी की रोकथाम के लिए सरकारी हेल्थ सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना, नागरिकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों और गैर-सरकारी संगठनों के बीच सहयोग बढ़ाने जैसे कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिला दवा नियंत्रक के माध्यम से टीबी रोधी दवा की खुदरा बिक्री की निगरानी और एच1 अनुसूची टीबी दवा निगरानी रिपोर्ट में समर्थन के तहत टीबी मुक्त जिला बनाने में सहयोग दिया जाए। केमिस्ट एसोसिएशन को टीबी अधिसूचना प्रदान की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से स्कूलों, शैक्षिक संस्थानों में विद्यार्थियों की स्क्रीनिंग के लिए एक नोडल अधिकारी नामित किया जाए। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के माध्यम से ग्राम प्रतिनिधियों को उनकी बैठकों के दौरान जागरूक किया जाए। परिवहन विभाग के माध्यम से बस-डिपो, बस स्टैंड व अन्य सार्वजनिक परिवहन पर आईईसी संबंधित जानकारी प्रदर्शित की जाए। आईसीडीएस द्वारा बच्चों में आईईसी की जानाकरी व कीमो प्रोफिलैक्सिस दी जाए। पंचायती राज द्वारा स्थानीय सार्वजनिक टीबी जागरुकता और टीबी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाए। आईएमए व आईएपी द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य गतिविधियों पर कार्य किया जाए। निजी रोगियों के लिए डीबीटी सवितरण और एलटीबीआई को लागू करने में मदद की जाए। टीबी चैंपियंस की सामुदायिक भागीदारी बढ़ाई जाए। जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा टीबी व एचआईवी रोगियों के सामाजिक और आर्थिक मुद्दों का समाधान करने के लिए उन्हें सामाजिक योजनाओं जोड़ा जाए। टीबी रोगियों को कानूनी अधिकार दिलाने में सहायता दी जाए। जेल के अंदर स्वास्थ्य इकाई और जेल परिसर में आईईसी द्वारा स्क्रीनिंग की जाए। स्थानीय प्रेक्टिशनर द्वारा उचित रेफरल किया जाए। धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा पोषण और व्यावसायिक सहायता प्रदान की जाए। बैंक में जीरो बैलेंस खाता और आईईसी गतिविधियों की जानकादी प्रदर्शित की जाएं। कॉर्पोरेट क्षेत्र के सीएसआर फंड में टीबी उन्मूलन गतिविधियां शामिल की जाएं।

जिला श्रम कार्यालय द्वारा औद्योगिक, कॉर्पोरेट और श्रम कार्यालय की मेडिकल टीम का प्रशिक्षण सुनिश्चित करें। सभी औद्योगिक इकाइयों में कार्यस्थल पर स्क्रीनिंग की जाए। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक, सीईओ जिला परिषद प्रदीप अहलावत, एसडीएम नूंह अश्विनी कुमार, एसडीएम पुन्हाना कंवर आदित्य विक्रम, नगराधीश आशीष कुमार, सिविल सर्जन डा. सर्वजीत कुमार सहित अन्य डाक्टर व अधिकारी उपस्थित थे।

# नूंह के नलेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि के अवसर पर भोले के भक्तों ने किया जल अभिषेक



समाचार गेट/अनिल मोहनियां

**नूंह।** नूंह के पांडव कालीन प्राचीन नलेश्वर शिवमंदिर में सुबह 4 बजे से ही भोले के भक्तों के द्वार जल अभिषेक किया गया।नलेश्वर मंदिर में महाशिवरात्रि पर दूर दूर से आए भोले के भक्तों ने जल अभिषेक किया ,नलेश्वर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर जल अभिषेक किया और बोल बम के जम कर नारे भी लगाए। आप को बता दे कि महा शिवरात्रि का खास महत्व है। इस दिन व्रत रख कर विधि-विधान के साथ भोले बाबा की पूजा करने से घर में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इसके साथ ही महादेव सभी की मनोकामनाओं की पूर्ति भी करते हैं।महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर को बेलपत्र, पुष्प, धूप-दीप और भोग चढ़ाने के बाद शिव मंत्र का जप किया जाता है।भगवान शिव उनसे प्रसन्न होकर उनके सभी कामों को सफल बनाते हैं। महाशिव रात्रि पर आप महादेव का जलाभिषेक करते हैं, तो सबसे पहले शिवलिंग का दूध, दही, शहद, घी, शक्कर, गन्ने के रस से अभिषेक करें। इसके बाद एक लोटे में गंगाजल लें। जल में काला तिल मिलाकर रख लें। फिर शिव जी के मंत्र का जाप करें। अब इस जल को शिवलिंग पर अर्पित कर दें। इसके बाद आप फूल, फल और मिठाई आदि चीजों को अर्पित करते जाएं। बाद में आटे का चौमुखी दीपक जलाकर महादेव की आरती करें। वही सरदार जीएस मलिक की अध्यक्षता में नूंह की गौशाला से पांच सौ एक महिलाओं ने कलेश लेकर नल्हेश्वर शिव मंदिर पर महाशिवरात्रि के अवसर पर जल अभिषेक किया।

# राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ के बेटे आशुतोष के लग्न टीका कार्यक्रम में पहुंचे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

## मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने दी धनखड़ परिवार को बधाई और शुभकामनाएं

समाचार गेट/ब्यूरो

**झज्जर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी बुधवार को जिला के गांव ढाकला में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ के बेटे आशुतोष धनखड़ के लग्न टीका मेल कार्यक्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का समारोह में पहुंचने पर राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़, सांसद धर्मवीर, संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, आदित्य धनखड़ सहित धनखड़ परिवार और मेहमानों ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने आशुतोष को बुके भेंट करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं । मुख्यमंत्री ने धनखड़ की माताजी श्रीमती छोटो देवी और पिताजी वैद्य मोहोबत सिंह को उनके सुपौत्र आशुतोष के लग्न टिके की शुभकामनाएं दीं और उनका



आशीर्वाद भी लिया। मुख्यमंत्री ने समारोह में मौजूद लड़की पक्ष से सुरेंद्र सिंह राठी और उनके परिवार को भी बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समारोह में मौजूद कार्यकर्ताओं का कुशलक्षेम भी जाना। समारोह में प्रदेश प्रभारी सतीश पूनिया, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा सहित विभिन्न दलों के जनप्रतिनिधि और पूर्व जनप्रतिनिधि, संगठन के नेता, खाप प्रधान व प्रतिनिधि, क्षेत्र की सरदारी, सामाजिक, धार्मिक, खेल, कला, शिक्षा, जगत के प्रमुख लोग, अधिकारियों सहित हजारों की संख्या में आमंत्रित मेहमानों ने समारोह में पहुंचकर धनखड़ परिवार को बधाई और शुभकामनाएं दी । इससे पहले डीसी प्रदीप दहिया और डीसीपी दीपक सहारण ने एमआर स्कूल में हेलीपैड पर मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी का स्वागत किया।

# कांग्रेस की दुकान पर जनता ने लगाया ताला, पूरे हरियाणा में भाजपा का एक तरफा माहौल : मुख्यमंत्री नायब सैनी

समाचार गेट/ब्यूरो

**बवानीखेड़ा।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को बवानीखेड़ा (भिवानी) में नगर पालिका चेयरमैन से भाजपा उम्मीदवार सुंदर अत्री के समर्थन में जन आशीर्वाद सभा की। जनसभा में मुख्यमंत्री ने बवानीखेड़ा की जनता से वादा किया कि यहां से कमल खिलाएं बाकी काम मुझ पर छोड़ दें। बवानीखेड़ा के विकास में कोई कमी नहीं रहने देंगे। बवानीखेड़ा में तीसरे इंजन की सरकार बनेगी और उसी तरह तीन गुना तेज गति से विकास भी होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस दुकानदारी खोले बैठी थी, लेकिन जनता ने विधानसभा चुनाव में उनकी दुकान पर बड़ा ताला लगा दिया। पहले तो कांग्रेस को थोड़ी सी आस भी थी कि सत्ता में आ जाएंगे,अब कांग्रेस की वो आस भी खत्म हो गई है। विधानसभा चुनाव की तरह निकाय चुनाव में कांग्रेस की हालत खराब है। पूरे हरियाणा में भाजपा के पक्ष में एक तरफ माहौल बना हुआ है। दिल्ली विधानसभा चुनाव की तरह जनता हरियाणा के निकाय चुनाव में भी कांग्रेस को जीरो पर आउट करेगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सुंदर अत्री को भारी मतों से जिताकर बवानीखेड़ा के विकास में हिस्सेदार बनें। जनसभा में पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व राज्यसभा सांसद जनरल डीपी वत्स, विधायक कपूर वाल्मीकि, विधायक घनश्याम सर्राफ, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य वीरेंद्र, जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़, महामंत्री हर्ष वर्धन, प्रदीप राणा, संदीप श्योराण और रामगोपाल सैनी सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जनसभा को जेपी दलाल, डीपी वत्स, कपूर वाल्मीकि ने भी संबोधित किया और भाजपा की विजय बनाने की अपील की।

**ये हुए भाजपा में शामिल**

जनसभा के दौरान इनेलो के टिकट पर चुनाव लड़ चुके आजाद वाल्मीकि, जाटू लुहारी के सरपंच जयदेव, तिगड़ाना के पूर्व सरपंच नेत्रपाल, रेवाड़ी खेड़ा के पूर्व सरपंच जोगेंद्र परमार, धनी हरसुख के पूर्व सरपंच हंसराज, अनिल सिंह, कप्तान मदन सिंह, कालू मेंबर, राम अवतार, नीरज परमार और महावीर अत्री भाजपा में शामिल हुए। सभी ने भाजपा के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की बात कही।

**महिलाओं को 2100 रुपए देने के लिए अलग से बजट होगा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा में कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिलाओं को 2100



रुपए देने का वादा किया था। इस पर काम चल रहा है और अधिकारियों को कहा गया है कि महिलाओं के लिए अलग से बजट बनाया जाए। इसी बजट सत्र में हम महिलाओं के लिए अलग से बजट लेकर आएंगे। उसके बाद प्रदेश में महिलाओं को 2100 रुपए मिलने की ऐतिहासिक शुरुआत हो जाएगी। सैनी ने कहा कि ऐसा ही वादा कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की महिलाओं से किया था, लेकिन वहां किसी भी महिला को कुछ नहीं दिया।

**कांग्रेस मुक्त हो रहा हरियाणा**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने जनसभा में कहा कि पिछले दिनों से हरियाणा के अलगदृअलग हिस्सों में जनसभा की हैं। करनाल के लोग तो बोल रहे हैं कि करनाल को कांग्रेस मुक्त कर दिया। इसी तरह यमुनानगर, अंबाला, कुरुक्षेत्र, रादौर, फरीदाबाद, मानेसर, गुरुग्राम, सोहना, रोहतक सहित जहां भी जनसभा की वो सभी जगह कांग्रेस मुक्त होने वाली हैं। अब कांग्रेस के पास कुछ नहीं बचा।

**झूठ की राजनीति करता है विपक्ष, युवाओं की भर्ती रुकवाई**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष की हालत खराब है। जब उन्हें कोई मुद्दा नहीं मिलता तो झूठ की राजनीति करते हैं। जनता को बरगलाते हैं। विधानसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने युवाओं की सरकारी नौकरी का रिजल्ट रुकवा दिया था। कांग्रेसी आयोग और कोर्ट में चले गए थे। लेकिन मैंने मुख्यमंत्री पद की शपथ बाद में ली पहले 25 हजार युवाओं को नौकरी दी। कांग्रेस के नेता कहते फिरते हैं कि भाजपा ने अपने वादे पूरे नहीं किए, लेकिन वो सिर्फ एसी कमरों में बैठकर ट्वीट करना जानते हैं। कांग्रेस को धरातल की कोई जानकारी नहीं। भाजपा ने सरकार बनने के बाद 100 दिनों में अपने 18 वादे पूरे किए हैं। बाकी की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

**वादे पूरे किए, मुफ्त डायलिसिस, 500 में सिलेंडर दे रहे**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष को पता होना चाहिए कि भाजपा कितनी तेज गति से काम कर रही है। संकल्प पत्र के वादे पूरे हो रहे हैं। आज हरियाणा में मरीजों को मुफ्त डायलिसिस किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और पीजीआई में डायलिसिस के पैसे नहीं लगते। प्रदेश में 15 लाख परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर दिया जा रहा है। अधिकारियों की निर्देश हैं कि सभी पात्र परिवारों को जिनकी आय सालन 1 लाख 80 हजार है उन्हें इस योजना से जोड़कर 500 रुपए में सिलेंडर दिया जाए।

**प्लॉट दिए, जमीन और मकानों का मालिकाना हक दिया**

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र के अनुसार पात्र परिवारों को प्लॉट दिए। अब तक 14 शहरों के 15 हजार 340 परिवारों को ये प्लॉट दिए जा चुके हैं। इसके अलावा पट्टेदारो की जमीन का मालिकाना हक दिया गया है। पंचायती जमीन पर जिनके मकान 20 साल से ज्यादा समय से बने हुए हैं उन्हें इन मकानों के मालिकाना हक दिया। बुजुर्गों को अलग से 5 लाख रुपये का आयुष्मान कार्ड दिया। ऐसे वादे 100 दिनों में पूरे किए,बाकी वादे भी भाजपा पूरे करेगी।